भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 19.09.2023

आरेडिका में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 16.09.2023 से 29.09.2023 तक राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों की शुरूआत मुख्य राजभाषा अधिकारी अमरनाथ दूबे द्वारा हिंदी प्रश्नोत्तरी, मुहावरे, कवि एवं लेखकों के गद्यांशों एवं पद्यांशों पर आधारित संगोष्ठी के साथ शुरू की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने अपने साहित्यिक कौशल के माध्यम से हिंदी में अपनी रुचि का परिचय दिया।

आगे इसी कड़ी में राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार के द्वारा राजभाषा प्रशासनिक शब्दानुवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जिसमें 34 रेलवे कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा हिंदी में अपनी लेखन प्रतिभा का परिचय दिया। राजभाषा अधिकारी ने बताया कि आगे अभी और भी कई प्रतियोगिताएं जैसे–वाक्, प्रारूप लेखन, घरेलू कवि सममेलन एवं , नुक्कड़ नाटक आदि का अयोजन होना है।

महाप्रबंधक महोदय, श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि, राजभाषा के रूप में हिंदी को विकसित करने में आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। हमारे आस–पास के रेलवे जोनों में हिंदी का अच्छा उपयोग होता है। हम भी राजभाषा की प्रगति के लिए कुछ ऐसा करे कि लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करे। **"हम यह दृढ़ संकल्प लें कि हम सभी अपना अधिकाधिक कार्य पूरे उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में करेंगें"।**

19.9.2023

(आर.एन.तिवारी)

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी